# एम.ए. (जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज़)

**असाइनमेंट 2026–27**

**प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम**

**जुलाई 2026 और जनवरी 2027 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए**

**स्कूल ऑफ जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज़**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)**

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

**प्रिय शिक्षार्थियों**

MAGD के कार्यक्रम गाइड में बताए अनुसार, असाइनमेंट का किसी पाठ्यक्रम में **30 प्रतिशत भारांक** है। किसी पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए असाइनमेंट में कम से कम **40 प्रतिशत अंक** प्राप्त करना आवश्यक है। पाठ्यक्रम की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने से पहले असाइनमेंट जमा करना अनिवार्य है।

असाइनमेंट करने से पहले कार्यक्रम गाइड में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक **ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA)** है। जिन पाठ्यक्रमों में आपने पंजीकरण किया है, उन सभी के लिए असाइनमेंट करना होगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए असाइनमेंट अलग-अलग तैयार करके जमा करें।

असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथियाँ:

1. **31 अक्टूबर 2026** — दिसंबर 2026 की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए।
2. **30 अप्रैल 2027** — जून 2027 की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए।

जमा किए गए असाइनमेंट की रसीद या क्षेत्रीय केंद्र से प्राप्त ई-मेल उत्तर अवश्य सुरक्षित रखें तथा असाइनमेंट की एक फोटो-कॉपी अपने पास रखें।

# MGS-004: जेंडर-संवेदनशील नियोजन एवं नीति निर्माण

**ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA-01)**

**प्रोग्राम कोड: MAGD**

**कोर्स कोड: MGS-004**

**असाइनमेंट कोड: MGS-004/AST-01/TMA/2026-27**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। खंड A के प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 700 शब्दों में दिया जाना है। खंड B के प्रत्येक प्रश्न के 12 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दिया जाना है।**

## खंड-A

1. जेंडर नियोजन जेंडर-सचेत नीतियों के निर्माण में किस प्रकार सहायता करता है? उपयुक्त उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए।

2. लागत-लाभ विश्लेषण (Cost-Benefit Analysis—CBA) को परिभाषित कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों सहित जेंडर परिप्रेक्ष्य से इसकी चर्चा कीजिए।

## खंड-B

3. सूक्ष्म नियोजन (Microplanning) को परिभाषित कीजिए। सूक्ष्म नियोजन प्रक्रिया में शामिल विभिन्न चरणों की चर्चा कीजिए।

4. आवश्यकता आकलन (Need Assessment) की कार्यप्रणालियों की व्याख्या कीजिए।

5. भारत सरकार की छठी से ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना तक की पंचवर्षीय योजनाओं की जेंडर परिप्रेक्ष्य से उपयुक्त उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए।

6. उपयुक्त उदाहरणों सहित जेंडर-संवेदनशील नीति नियोजन के विभिन्न स्रोतों की व्याख्या कीजिए।

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

i) जेंडर पुनर्वितरणकारी नीतियाँ (Gender Redistributive Policies)
ii) कार्यक्रम नियोजन (Programme Planning)
iii) नीति विश्लेषण (Policy Analysis)
iv) नेतृत्व प्रणाली (Leadership System)